दिन– बुधवार दिनांक– 02 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी। निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता ऑनलाईन भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक मात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है।

03. झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा बिस्कोमान चुनाव परिणामों पर लगी रोक को हटाए जाने के बाद सहकारिता विभाग ने परिणामों की घोषणा की। विशाल सिंह बने नये अध्यक्ष।

04. और, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के अध्ययनों में कोविड टीकों से युवाओं की अचानक मौत के मामलों के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया।

---

प्रदेश में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी है। अभियान छब्बीस जुलाई तक चलेगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन एक अगस्त को होगा। इस सूची पर एक अगस्त से एक सितम्बर तक दावे और आपत्ति दर्ज करवाए जा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को होगा। इस अभियान का उद्देश्य त्रुटिहीन मतदाता सूची बनाना है। इधर, निर्वाचन आयोग ने कहा है कि गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत ऑनलाइन भी गणना प्रपत्र भरा जा सकता है। लोग आयोग की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन और ईसीआई नेट ऐप से फार्म डाउनलोड कर स्वप्रमाणित दस्तावेज के साथ छब्बीस जुलाई तक अपलोड कर सकते हैं।

---

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पात्र नागरिकों को केवल उन्हीं निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवाना चाहिए, जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व कानून के तहत मतदाता केवल उसी विधानसभा क्षेत्र में मतदान करने के हकदार हैं, जहां के वे सामान्य निवासी हैं। उदाहरण के लिए यदि किसी व्यक्ति का घर पटना में है और वे दिल्ली में रहते हैं तो उनका वोट पटना में नहीं, बल्कि दिल्ली में पंजीकृत होना चाहिए।

---

प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनीतिक दलों की बयानबाजी और तेज हो गई है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि इस मामले को लेकर सभी सत्ताधारी दल चुप हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर गरीबों का नाम मतदाता सूची से कटवाने का आरोप लगाया।

———बाइट———

इधर, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस मामले को लेकर निर्वाचन आयोग से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की है।

———बाइट———

---

इस बीच, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने तेजस्वी प्रसाद यादव पर मतदाता सूची के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री जायसवाल ने कहा कि मतदान की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक मात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है, जबकि भाजपा का उद्देश्य देश के हर नागरिक को गरिमामय जीवन देना है। श्री सिंह आज पटना में पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर दोनों विपक्षी दलों के बिहार विरोधी इरादों के बारे में जानकारी देने की अपील की।

———बाइट———

श्री सिंह ने कहा कि भाजपा में कोई कार्यकर्ता बड़ा या छोटा नहीं होता। हरेक कार्यकर्ता एक ही भाव से काम करता है।

———बाइट———

बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि कार्यसमिति में विजय संकल्प प्रस्ताव और राजनीतिक प्रस्ताव पारित किये गए।

———बाइट———

बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार से आने वाले पार्टी के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य और सभी जिलों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल थे।

---

झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा बिस्कोमान चुनाव परिणामों पर लगी रोक को हटाए जाने के बाद परिणामों की घोषणा कर दी गई है। केंद्र सरकार के सहकारिता विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विशाल सिंह बिस्कोमान के नये अध्यक्ष जबकि महेश राय उपाध्यक्ष होंगे। इससे पहले राजद के विधान पार्षद सुनील कुमार सिंह बिस्कोमान के अध्यक्ष थे, जिनका कार्यकाल लगभग इक्कीस वर्षों का रहा।

---

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स ने कहा है कि कोविड के टीकों से युवाओं की अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। देश के दो प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के व्यापक अध्ययनों में पुष्टि हुई है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं। इनके गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले मिले हैं। भारत में अचानक हृदय संबंधी कारणों से होने वाली मौत के पीछे आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद स्थितियों और कोविड के बाद की जटिलताओं सहित कई अन्य कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों संस्थाओं ने दो अध्ययन किए। पहले अध्ययन में लोगों की आयु अठारह और पैंतालीस वर्ष के बीच थी।

———रिपोर्ट———

पहले अध्ययन का परिणाम यह दर्शाता है कि कोविड–19 टीकाकरण से लोगों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। वहीं, दूसरा अध्ययन जो एम्स, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। उसके प्रारंभिक विश्लेषण यह पता चलता है कि हार्टअटैक या मायोकार्डियल इनफारक्शन, इस आयु वर्ग में अचानक मृत्यु का प्रमुख कारण बना हुआ है। यह अध्ययन भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मृत्यु के बारे में अधिक व्यापक समझ प्रदान करते हैं। अध्यनों में यह भी कहा गया है कि मृत्यु के जोखिम में अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्यायों की भूमिका हो सकती है। वैज्ञानिक विशेषज्ञों ने दोहराया है कोविड टीकाकरण को अचानक मौतों से जोड़ने वाले बयान झूठे और भ्रामक हैं। आनंद कुमार के साथ, आकाशवाणी समाचार के लिए आदर्श, दिल्ली।

---

प्रदेश में मानसून के प्रभाव से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास जिले के तिलौथू में सबसे अधिक अड़तालीस दशमवल आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार कल राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है। वहीं, कैमूर, रोहतास,

कटिहार और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

---बाइट---

---

पटना के बाढ़ स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड की तीसरी इकाई से वाणिज्यिक बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। इस यूनिट की क्षमता छह सौ साठ मेगावाट है। नई यूनिट से बिजली उत्पादन शुरू होने के बाद बिहार को तीन सौ तिरासी मेगावाट अधिक बिजली मिलने लगी है। एनटीपीसी बाढ़ की सभी इकाईयों से वर्तमान में कुल तीन हजार तीन सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, जो देशभर में विंध्यांचल के बाद सबसे अधिक है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मधुबनी जिले के रहिका के अंचलाधिकारी अभम कुमार को सत्रह हजार रूपये और नाजिर आदित्य ठाकुर को तेरह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। ये दोनों जमीन के दाखिल–खारिज के एवज में घूस ले रहे थे।

---

पश्चिम चम्पारण के जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के निर्देश पर भ्रष्टाचार के आरोप में जिला परिवहन कार्यालय के तीन कर्मियों और चार दलालों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही सभी सरकारी कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

---

पूर्णिया जिले के डंगराहा चौकी क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दरभंगा जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नशीली दवा और शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। दूसरी तरफ, पटना के फतुहा थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव से पुलिस ने तीन तस्करों को तीन हजार एक सौ चौहत्तर लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों ने आज पटना में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का जत्था पटना कॉलेज से मुख्यमंत्री आवास के घेराव के लिए निकला था। डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शकारी छात्रों को पुलिस ने रोकने की कोशिश की। इसके वाबजूद प्रदर्शकारी छात्र बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया। इस मामले में पुलिस ने छह छात्रों को हिरासत में भी लिया है।

कटिहार जिले के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–इकतीस पर दो हाइवा ट्रकों की आमने–सामने टक्कर में एक चालक की मौत हो गई, जबकि एक उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बिहार में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी। निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता ऑनलाईन भी गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक मात्र उद्देश्य सत्ता में बने रहना है।

03. झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा बिस्कोमान चुनाव परिणामों पर लगी रोक को हटाए जाने के बाद सहकारिता विभाग ने परिणामों की घोषणा की। विशाल सिंह बने नये अध्यक्ष।

04. और, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के अध्ययनों में कोविड टीकों से युवाओं की अचानक मौत के मामलों के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।